दिनांक–20.03.2024 को जी–20 सम्मेलन के दृष्टिगत प्राधिकरण द्वारा शहर रूद्रपुर में इन्द्रा चौक से मटकोटा चौराहे तक निर्मित डिवाईडरों एवं चौक पर लगाये गये पौध आदि को हस्तगन किये जाने के सम्बंध मे आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, के रेजिडेन्ट इन्जीनियर, ब्रिज इन्जीनियर, प्रोजैक्ट मैनेजर के साथ जी–20 सम्मेलन के दृष्टिगत प्राधिकरण द्वारा शहर रूद्रपुर में इन्द्रा चौक से मटकोटा चौराहे तक निर्मित डिवाईडरों एवं चौक पर किये गये पौधारोपण कार्य के नियमति अनुरक्षण के सम्बंध में प्राधिकरण कार्यालय में आहूत बैठक में निम्न अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री अभिषेक रूहेला, उपाध्यक्ष, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
2. श्री रमेश चन्द्र जोशी, अधिशासी अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर।
3. श्री योगेन्द्र सिंह, रेजिडेन्ट इन्जीनियर, एन0एच0–87।
4. श्री परशुराम सिंह, ब्रिज इन्जीनियर, एन0एच0–87। कि
5. श्री रिशभ कुमार सिंह, प्रोजैक्ट मैनेजर, मै0 गावर नैनीताल हाईवे प्रा0 लि0।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में जी–20 सम्मेलन के दौरान जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, द्वारा पन्तनगर हवाई अड्डे कि0मी0 59.750 से कि0मी0 52.600 तक एवं मटकोटा मोड से इन्द्रा चौक तक किये गये पौधारोपण एवं चौक विकास कार्य करवाया गया था। पन्तनगर वाले भाग में कराये गये कार्य को इस कार्यालय के पत्र संख्या–813 दिनांक–30.01.2024 द्वारा पूर्व में ही एन0एच को हस्तान्तरित किया जा चुका है। हस्तान्तरण उपरान्त उक्त भाग में एन0एच0 द्वारा वर्तमान में सड़क विकास आदि का कार्य करवाया जा रहा है। मटकोटा मोड से इन्द्रा चौक तक किये गये पौधारोपण आदि के कार्य का अनुरक्षण वर्तमान में भी जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, स्तर से करवाया जा रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त पौधारोपण कार्य के सम्बंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, के प्रतिनिधियों से यह जानकारी प्राप्त की गयी कि नैशनल हाईवे में डिवाईडरों पर कराये गये पौधारोपण आदि का अनुरक्षण कार्य किसके द्वारा किया जाता है, जिसपर रेजिडेन्ट इन्जीनियर एन0एच0–87 द्वारा अवगत कराया गया कि पौधों आदि के अनुरक्षण आदि का कार्य भी वर्तमान में कार्यदायी फर्म द्वारा ही अगले 15 वर्ष तक अनुबन्धानुसार किया जाना है तथा उनके द्वारा सम्बंधित फर्म मै0 गावर नैनीताल हाईवे प्रा0 लि0 के प्रतिनिधि से उक्त कार्य भी किये जाने की अपेक्षा करते हुए लगाये गये पौध आदि के नियमित अनुरक्षण को स्वंय करने पर सहमति व्यक्त की गयी।

रेजिडेन्ट इन्जीनियर एन0एच0–87 द्वारा दी गयी सहमति के कम में डी0डी0 चौक, इन्द्रा चौक एवं इन्द्रा चौक से मटकोटा मोड तक विभिन्न जगहों पर कराये गये पौधारोपण कार्य को नियमित अनुरक्षण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, को हस्तगन की कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये तथा उनसे अपेक्षा की गयी कि वे माह अप्रैल, 2024 से अपने स्तर से डिवाईडर में लगाये गये पौध आदि का अनुरक्षण आदि करना सुनिश्चित करें।

अन्त में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उक्त बैठक का समापन किया गया।

(अभिषेक रूहेला)
उपाध्यक्ष,
जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
ऊधमसिंह नगर

प्रतिलिपि :–

1. जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. परियोजना प्रबन्धक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. गार्ड फाईल।

उपाध्यक्ष,
जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
ऊधमसिंह नगर